**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–23.08.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के कई जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, चतरा, खूंटी, जमशेदपुर सहित कई जिलों में नदियां उफान पर, सरायकेला में कच्चा मकान ढहने से तीन लोगों की मौत।**
2. **रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो करोड़ के जाली नोट बरामद, दो गिरफ्तार।**
3. **एटीएस की टीम ने कुख्यात अपराधी मयंक को अजरबैजान से झारखंड वापस लाया, रामगढ़ सिविल कोर्ट में हुई पेशी, पुलिस रिमांड में होगी पूछताछ।**
4. **नगड़ी में रिम्स टू के निर्माण के विरोध के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में रिम्स टू बनाने की दी सलाह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया समर्थन। रिम्स टू के प्रस्तावित क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू।**
5. **हॉकी झारखंड की 12वीं वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा– उपलब्धि भरा रहा यह वर्ष, महिला वर्ग के सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों में चैपियन रही झारखंड की टीम।**

**और अब समाचार विस्तार से**

******************

राज्य के कई जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। लगातार हो रही बारिश के कारण चतरा के इटखोरी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पितीज स्थित बसाने नदी अपने उफान पर है, जिसके कारण आसपास के गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे चतरा संवाददाता–

इधर कोडरमा में भी पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के बाद तिलैया डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। बारिश के बाद का हाल बता रहे हैं हमारे कोडरमा संवाददाता–

सरायकेला खरसावां जिले की दो प्रमुख नदियां उफान पर हैं, प्रशासन ने आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट किया है। बारिश से हुए नुकसान की जानकारी दे रहे हैं सरायकेला संवाददाता––

लोहरदगा जिला में जारी मूसलाधार बारिश के कारण जगह–जगह जलजमाव से आमजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. भारी बारिश के कारण दक्षिण कोयल नदी, साफी नदी, टिको नदी तथा अन्य नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। लोहरदगा की स्थिति जानते हैं लोहरदगा संवाददाता से

जमशेदपुर में लगातार बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने दोनों नदियों के किनारे बसे तटीय और डूबे क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

खूंटी जिले में भारी बारिश के कारण हालात काफी खराब हो गए हैं। कांची नदी के उफान पर होने से रंगरोड़ी धाम पूरी तरह जलमग्न हो गया है। खूंटी का हाल बता रही हैं संवाददाता ज्योत्सना

इधर, रांची में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। लगातार हो रही बारिश की वजह से कई जगहों से नुकसान की खबरें भी सामने आ रही है। रांची से कर्मवीर दे रहे हैं जानकारी

******************

रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से पुलिस को बड़ी सफलता मिली हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में जाली नोट बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि अब तक लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक के जाली नोट बरामद किए गए हैं। इस दौरान दो युवकों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही हैं।

******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदने 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

*******************

झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड रहे कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को अजरबैजान से झारखंड लाया गया है। आज सुबह एटीएस की टीम सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच रांची एयरपोर्ट से मयंक सिंह को रामगढ़ भेजा गया। रामगढ़ सिविल कोर्ट में पेशी के बाद एटीएस की टीम ने मयंक को रिमांड पर लिया। एटीएस के अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

*******************

रिम्स–2 का निर्माण रांची कें कांके प्रखंड के नगड़ी में कराये जाने की योजना राज्य सरकार की है, लेकिन नगड़ी के किसान खुलकर इसका विरोध कर रहे हैं और किसी कीमत पर जमीन देने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता अर्जुन मुंडा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कहा कि रिम्स–2 का निर्माण खूंटी में नॉलेज सिटी के लिए अधिगृहित जमीन पर कराया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने भी खूंटी में रिम्स–2 का निर्माण कराने की मांग की है।

वहीं प्रशासन ने लगातार जुट रही भीड़ को देखते हुए नगड़ी स्थित रिम्स टू के प्रस्तावित जमीन के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

*******************

राज्य सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में 14 योजनाओं का मंत्री सुदिव्य कुमार ने शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि गिरिडीह को विकसित शहर बनाएंगे, आज का शिलान्यास इसकी शुरुआत है।

*******************

कोडरमा की जिला कल्याण पदाधिकारी शीतल उषा किरण कांडील अपने दूधिमाटी स्थित किराये के मकान में बेहोश पाई गई हैं। जिसके बाद उन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया हैं, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

*******************

हॉकी झारखंड की 12वीं वार्षिक आम सभा हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में संपन्न हुई।

इस मौके पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा कि इस वर्ष झारखंड के इतिहास में पहली बार झारखंड की महिला टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के तीनों फॉर्मेट सीनियर, जूनियर और सब जूनियर में स्वर्ण पदक जीता। जबकि बालक सब जूनियर में रजत पदक प्राप्त किया।

***************